दिनांक : 20.06.2024 समय : 07.10pm

आकाशवाणी भोपाल

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में औद्योगिक विकास की गति बढ़ाने के लिये जबलपुर में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का हुआ आयोजन।
- केन्द्र सरकार ने सोमवार से षुरु हो रहे संसद के बजट सत्र से पहले कल बुलाई सर्वदलीय बैठक ।
- राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी ने नीट–यूजी मेडिकल प्रवेश परीक्षा का केन्द्र–वार परिणाम अपनी वेबसाइट पर किया अपलोड ।
- अगले 24 घंटे में प्रदेष के अधिकतर संभागों में भारी बारिश होने का अनुमान ।

........

..........

कॉन्क्लेव

प्रदेश में औद्योगिक विकास की गति बढ़ाने के लिये जबलपुर में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन का आज शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वर्चुअल माध्यम से देवास, कटनी , पिपरिया और छिंदवाड़ा में औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकौशल अंचल खनिज और वन संपदा से समृद्ध है। कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए अनुकूल है। मध्यप्रदेश में टेक्सटाइल, रक्षा संस्थान के लिए एक टैंक निर्माण, फार्मा क्षेत्र और पर्यटन के क्षेत्र में नए–नए उद्योग प्रारंभ किये जायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जबलपुर में टेक्सटाइल क्षेत्र में अति आधुनिक स्किल सेंटर की शुरूआत की जायेगी, जिससे विशेष रूप से बहनों को रोजगार प्राप्त होगा।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने 80 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित नेताजी सुभाष चंद्र बोस सांस्कृतिक और सूचना केंद्र का उद्घाटन किया। सम्मेलन में ब्रिटेन, ताइवान सहित पांच देशों के प्रतिनिधि, प्रमुख उद्योगपतियों, विभिन्न उद्योग संघों के प्रतिनिधियों और प्रमुख विदेशी प्रतिनिधियों सहित उद्योग जगत की 3 हजार 500 से अधिक प्रमुख हस्तियां शामिल हुईं।

पर्यटन

पर्यटन और संस्कृति राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि मध्यप्रदेश प्राकृतिक, पुरातात्विक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से समृद्ध प्रदेश हैं। मध्यप्रदेश का पर्यटन की दृष्टि से गौरवशाली इतिहास देश–विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करता है। श्री लोधी जबलपुर में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में प्रदेश में टूरिज्म क्षेत्र में सम्भावनाओं पर सेक्टोरियल सेशन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि महाकाल लोक तर्ज पर प्रदेश के अन्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों को लोक के रूप में विकसित किया जा रहा है।

सर्वदलीय बैठक

केन्द्र सरकार ने संसद के बजट सत्र से पहले कल सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक के दौरान सरकार संसद के दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए सभी विपक्षी दलों से सहयोग का अनुरोध करेगी।बजट सत्र सोमवार से शुरू होकर अगले महीने की 12 तारीख तक चलेगा। आम बजट मंगलवार को पेश किया जाएगा। ये नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट है।

पीएम–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस माह की 28 तारीख को आकाशवाणी से प्रसारित मन की बात कार्यक्रम में देषवासियों के साथ अपने विचार साझा करेंगे. लोग अपने सुझाव MyGov, नमो ऐप पर भेजने या 1 8 0 0–1 1 7 8 0 0 पर अपना संदेश रिकॉर्ड कर भेज सकते हैं।

नड्डा

रसायन और उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि देश को पांच ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए रसायन और उर्वरक उद्योग से बहुमूल्य योगदान की आवश्यकता है। इंडिया केम 2024 के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार उद्योग के लिए सभी आवश्यक नीति और कार्यक्रम के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि उद्योग को मध्यवर्ती, आयात, अनुसंधान और विकास तथा जनशक्ति प्रशिक्षण पर भी ध्यान देने और ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। श्री नड्डा ने कहा कि मुंबई में आगामी 'इंडिया केम' रसायन और उर्वरक उद्योग के लिए मूल्यवान अंतर्दृष्टि और दिशा–निर्देश लाएगा।

एनटीए–नीट परिणाम

राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी– एन टी ए ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट–यूजी का केन्द्र–वार परिणाम अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। एन टी ए ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बाद परिणाम वेबसाइट पर डाले हैं। इससे पहले न्यायालय ने एन टी ए को उम्मीदवारों की पहचान की मास्किंग कर आज दोपहर 12 बजे तक वेबसाइट पर शहर–वार और केन्द्र–वार परिणाम घोषित करने का निर्देश दिया था । परिणाम अब वेबसाइट neet.ntaonline.in पर उपलब्ध हैं।

गुरु पूर्णिमा महोत्सव

गुरु पूर्णिमा महोत्सव के मौके पर कल प्रदेष में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। खंडवा से हमारे संवाददाता ने बताया कि षहर में तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव दादाजी धाम में आज से प्रारंभ हो गया हैं । गुरुपूर्णिमा महोत्सव के चलते दादाजी धाम पर भक्तो का आना अनवरत जारी है। तीन दिनों तक चलने वाले महोत्सव पर महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात, दिल्ली और अन्य राज्यों से लाखों भक्त पहुंचे हैं। दादाजी धाम पर प्रतिवर्ष धार्मिक उल्लास के साथ गुरूपूर्णिमा पर्व मनाया जाता है। वहीं बैतूल में गुरु पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में शिक्षकों, माताओं और संतों का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया।

मानसून मैराथन

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के सहयोग से पर्यटन स्थल पचमढ़ी में कल पचमढ़ी मानसून मैराथन का छटवां संस्करण आयोजित किया जा रहा है। इंदौर, भोपाल, नागपुर, मुंबई, नई दिल्ली, सहित देशभर से 1 हजार से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। मैराथन चार श्रेणियों– 5 किलोमीटर, 10 किलोमीटर, 21 किलोमीटर और 42 किलोमीटर में होगी।

सी.एम.हेल्पलाइन

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के ग्वालियर रीजन अंतर्गत संचारण संधारण वृत्त दतिया ने सी.एम.हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का शत–प्रतिशत समय–सीमा में निराकरण करते हुए पूरे प्रदेश के सभी जिलों में पहला स्थान प्राप्त किया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया है कि बिजली उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ ही बेहतर उपभोक्ता सेवाएं प्रदान करना कंपनी की प्राथमिकता है। बेहतर सुशासन और आमजन की समस्याओं के शीघ्र निराकरण के लिए

प्रदेश में संचालित सी.एम.हेल्पलाइन योजना के माध्यम से प्राप्त शिकायतों को कंपनी द्वारा समय–सीमा में हल किया जा रहा है।

मौसम

प्रदेश में मानसून की गतिविधियां जारी है। बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव होने की वजह से पूरा प्रदेश भीग रहा है। अगले 24 घंटे में भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर,षहडोल, ग्वालियर,रीवा, सागर संभागों में कहीं –कहीं भारी बारिश होने का अनुमान है। सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, खंडवा, खरगोन, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग ने बताया कि लो प्रेशर एरिया बंगाल की खाड़ी पर एक्टिव हुआ है। वहीं, साइक्लोनिक सर्कुलेशन भी एक्टिव है, इस वजह से पूरे प्रदेश में तेज बारिश का दौर चलेगा। लगातार बारिष से सीहोर के कोलार डैम, शहडोल के बाणसागर, खंडवा के इंदिरा सागर, नर्मदापुरम के तवा डैम, भोपाल के कलियासोत डैम, राजगढ़ के मोहनपुरा और कुंडालिया डैम में एक से ढाई फीट तक पानी बढ़ गया है।

समाचार संक्षेप में .....

- कुटीर और ग्रामोद्योग राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि नर्मदापुरम के मालाखेडी के रेशम केन्द्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का निर्यात सेंटर और दवाईयों का उत्पादन केन्द्र बनाया जाएगा।
- देवास जिले में आयुष विभाग द्वारा मलेरियारोधी दवाईंयां वितरित करने के लिये "आयुष आपके द्वार अभियान" संचालित किया जा रहा है।
- गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों के लिए स्वरोजगार हेतु अशोकनगर में डेयरी प्रबंधन एवं केचुया खाद के दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज समापन हो गया।
- सीहोर जिला सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में पिछले पौने दो साल से लगातार प्रदेश में पहले नम्बर पर आ रहा है ।
- सागर में राजस्व महाअभियान–2 में लापरवाही बरतने पर नायब तहसीलदार मालथोन को निलंबित किया गया है।
- बैतूल जिले में राजस्व महा अभियान के अंतर्गत लंबित नामांतरण, बंटवारा का निराकरण किया जाएगा।

..........